Profit and loss *of* Air India, Indian Airlines, Vayudoot and Pawan Hans

2078. SHRI PRAMOD MAHAJAN: Will . the Minister of CIVIL AVIATION be pleased to state:

(a) what are the details-of the profit or loss of Air India, Indian Airlines, Vayudoot and Pawan Hans during the last three years, year-wise, indicating the figures thereof; and

(b) what steps Government are taking to make all these corporations more profitable and efficient?

THE MINISTER OF PETROLEUM AND CHEMICALS (SHRI M.S. GURUPADASWAMY): (a) The profit/ loss of Air India, Indian Airlines, Vayudoot and Pawan Hans for the last three years is, as follows:—

(Rs. in crores)

	1987-88	1988-89	1989-90
Air India	(—)43.41	43.31	55.0*
Indian Airlines	30.10	10.68	N.A.
Vayudoot	(—)8.23*	(—)7.62*	(—)11.52*
Pawan Hans	(—)6.69*	(—)4.94*	8.31*

*Estimated
(—) Indicates loss
N.A. — Not Available

Indian Airlines has not been able to estimate the profit/loss for the year 1989-90 so far due to late availability of operational data following crash, of Airbus A-320 at Bangalore on 14th February, 1990 and suspension of Airbus A-320 operations from 19th February, 1990.

(b) The Corporations are taking steps to improve revenue accruals while cutting down on inessential costs. The Corporations are also improving the level of service by imparting training to personnel and through better orocedures.

पान मसाले के हानिकारक

2079. **डा० जिनेन्द्र कुमार जैन:**
श्री राम जेठमलानी:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने प्रतिदिन 4 ग्राम से अधिक पान मसाला सेवन करने से होने वाले हानिकारक प्रभावों की जानकारी जनता को देना स्वीकार कर लिया है;

(ख) यदि हां, तो इस दिशा में अब तक क्या कार्रवाई की गई है; और

(ग) यदि इस संबंध में अब तक कोई कार्यवाही नहीं की गई है तो उसके क्या कारण हैं?

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री रशीद मसूद): (क) से (ग) सरकार ने खाद्य अपमिश्रण निवारण नियम, 1955 के प्रावधानों के अन्तर्गत पहले ही एक अन्तिम अधिसूचना जारी की है जिसमें यह निर्धारित किया गया है कि पान मसाला के प्रत्येक पैकेट पर और विज्ञापन में यह चेतावनी दी जानी चाहिए कि "पान मसाले का सेवन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है।"

खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष की नियुक्ति

2080. **डा० जिनेन्द्र कुमार जैन:** क्या **उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष के पद पर हाल में एक नई नियुक्ति की गई है;

(ख) यदि हां, तो क्या उक्त पद के पिछले पदधारी ने अपना सेवाकाल पूरा कर लिया था;

(ग) यदि नहीं, तो उक्त पदधारी को समयपूर्व हटाये जाने के क्या कारण है;

(घ) क्या नये पदधारी के चयन के लिए कोई मानदंड निर्धारित किया गया था; और

(ङ) यदि हां, तो नये पदधारी का व्यवहारिक अनुभव तथा उसकी शैक्षिक अर्हतायें क्या-क्या है?

उद्योग मंत्री (श्री अजीत सिंह) (क) जी, हां

(ख) जी, नहीं।

(ग) पिछले अध्यक्ष ने त्यागपत्र दे दिया था।

(घ) अध्यक्ष की नियुक्ति के, वी०आई०सी० अधिनियम के उपबंधों के अनुसार की जाती है।